<u>सेवापूर्व अनुभाग</u>

प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (Diploma in Elementary Education, D.El.Ed.)

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (National Council for Teachers Education, NCTE) द्वारा प्राथमिक शिक्षकों हेतु अनिवार्य योग्यता 'प्रारम्भिक शिक्षा डिप्लोमा (Diploma in Elementary Education, D.El.Ed.) रखी गयी है। डी॰एल॰एड॰ अध्यापक शिक्षा का दो वर्ष का व्यावसायिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य शिक्षा के प्रारम्भिक स्तर (कक्षा 1 से कक्षा 8 तक) के रूप में अध्यापकों को तैयार करना है।

उत्तराखण्ड राज्य के 12 जनपदों के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) में वर्ष 2014 से डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षण का तीसरा ओर चौथा बैच (2020–21) संचालित है।

प्रशिक्षण अवधि : डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षण की अवधि 02 वर्ष है तथा इसमें कुल 04 सेमेस्टर (प्रत्येक वर्ष 02 सेमेस्टर) संचालित किये जाते हैं।

डी॰एल॰एड॰ पाठ्यचर्या : डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षण हेतु पाठ्यचर्या का निर्माण NCTE के दिशा–निर्देशों के अनुरूप राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् (SCERT) एवं राज्य के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (DIET) के अकादमिक सदस्यों एवं उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् द्वारा किया जाता है।

प्रवेश प्रक्रिया : उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल द्वारा डी॰एल॰एड॰ प्रशिक्षण हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इसके लिए परिषद् की वेबसाइट **www.ukdeled.com** पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए मुख्य शैक्षिक योग्यता विज्ञान अथवा विज्ञानेत्तर विषयों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण है।